॥ एकल ॥
भारत लोक शिक्षा परिषद्
(एकल अभियान से संबंधित)
विश्व का सर्वश्रेष्ठ सामाजिक शिक्षा संगठन

26 वां संस्करण

जुलाई-अगस्त-सितंबर 2026

एकल संदेश-महिला विभाग



BLSP राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा 'प्रेममयी शाम एकल के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन

भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा 24 सितंबर 2026 को इस्कॉन दिल्ली में 'प्रेममयी शाम एकल के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संगीत, संस्कृति और सेवा का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों, मातृशक्ति, कार्यकर्ताओं एवं एकल परिवार से जुड़े सहयोगियों सहित 350 से अधिक लोगों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम का उद्देश्य एकल अभियान के माध्यम से देश के दूरस्थ ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, जागरण, स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से समाज को जोड़ना और सेवा के इस अभियान को आगे बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम में भारत लोक शिक्षा परिषद् ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी ने एकल अभियान के कार्यों को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए कहा कि ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा और संस्कार के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का यह कार्य राष्ट्र और समाज की आवश्यकता है।



कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सोनल रासीवासिया जी ने एकल अभियान का विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने एकल के विभिन्न आयामों एवं राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका की जानकारी दी। साथ ही राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों और विभिन्न गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को महिला विभाग की सेवा-यात्रा से अवगत कराया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती ऋचा अनिरुद्ध जी ने भी एकल अभियान के कार्यों की सराहना करते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद बच्चों के लिए नोएडा में 'जमघट' नाम से पाठशाला संचालित की जा रही है, जिसकी प्रेरणा उन्हें एकल विद्यालय की कार्यपद्धति से मिली।





कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति मरहम बैंड, बेंगलुरु की टीम द्वारा दी गई, जिसने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक एवं संगीतमय प्रस्तुतियों से पूरी शाम को सुरमयी बना दिया। संगीत और संस्कृति के इस सुंदर संगम ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम में एकल अभियान के एकल अभियान प्रभारी श्री राजेश गोयल जी, BLSP ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी, ट्रस्टी श्री नरेश कुमार जी, ट्रस्टी श्री विनीत कुमार जी, ट्रस्टी श्री सुभाष अग्रवाल जी, राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी, राष्ट्रीय महिला विभाग की टीम एवं चैप्टर के कई गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

BLSP उत्तरी दिल्ली चैप्टर द्वारा एकल श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन

भारत लोक शिक्षा परिषद, उत्तरी दिल्ली चैप्टर द्वारा 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2026 तक जेएमडी टेंट जापानी पार्क, सेक्टर-10 रोहिणी दिल्ली में आयोजित भव्य एवं दिव्य 'एकल श्रीमद्भागवत कथा' संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला समिति द्वारा एकल गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति तथा सम्मानित विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



उत्तरी दिल्ली चैप्टर के प्रेरणास्रोत एवं मुख्य यजमान श्री जी. डी. गोयल जी तथा राष्ट्रीय चेयरमैन एवं मुख्य यजमान श्री नीरज रायजादा जी का मार्गदर्शन और सहयोग आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण रहा। भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल कुमार गुप्ता जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विजय गुप्ता जी के मार्गदर्शन में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास किए।











पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना का वातावरण बना रहा। इस सात दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ सहभागिता की। 350 बहनों ने कलश शोभा यात्रा निकालकर सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

पूज्या जया किशोरी जी के श्रीमुख से प्रवाहित श्रीमदभागवत की अमृतमयी वाणी, भक्ति और आध्यात्मिक संदेशों का सभी ने अमृतपान किया। सात दिवसीय इस आयोजन ने श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार, सेवा और सदकर्मों की प्रेरणा देने के साथ-साथ ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने के एकल अभियान के संकल्प को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।



कलशयात्रा शोभायात्रा की झलक





















कानपुर चैप्टर महिला विभाग द्वारा मंगल आगमन कार्यक्रम संपन्न

23 जुलाई 2026 को भारत लोक शिक्षा परिषद्, कानपुर चैप्टर के महिला विभाग द्वारा इस्कॉन मंदिर, कानपुर में 'मंगल आगमन' भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर राधा रानी के भजनों एवं भक्तिमय गीतों की सुंदर प्रस्तुतियों के साथ धार्मिक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।





कार्यक्रम का उद्देश्य देवभक्ति के साथ राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना तथा भारत को परम वैभव की ओर अग्रसर करने का संकल्प मजबूत करना था। कार्यक्रम में लखनऊ चैप्टर महिला विभाग की अध्यक्ष श्रीमती बिंदु बोरा जी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। चैप्टर अध्यक्ष डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय जी सहित सभी सदस्यों ने भक्तिमय संध्या का आनंद लिया। अंत में राधा-कृष्ण को भोग अर्पित कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

कानपुर चैप्टर महिला विभाग द्वारा 'एकल शाम, लड्डू गोपाल जी के नाम' कार्यक्रम संपन्न

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर 10 सितंबर 2026 को एकल अभियान, भारत लोक शिक्षा परिषद्, कानपुर चैप्टर महिला विभाग द्वारा हेरिटेज होम, स्वरूप नगर, कानपुर में 'एकल शाम, लड्डू गोपाल जी के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चैप्टर अध्यक्ष डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय जी एवं महामंत्री श्री ध्रुव कुमार रुइया जी उपस्थित रहे।





इस अवसर पर भजन, नृत्य, झांकियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी चित्रण किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सहयोगियों एवं सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रूपा भल्ला जी एवं श्रीमती पाली सेठ जी ने किया। इस अवसर पर महिला विभाग के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

पश्चिमी दिल्ली चैप्टर द्वारा वनयात्रा



भारत लोक शिक्षा परिषद्, पश्चिमी दिल्ली चैप्टर एवं CSR विभाग द्वारा 19 से 21 सितम्बर 2026 तक हिमाचल प्रदेश में तीन दिवसीय वनयात्रा का सफल आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 60 लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिनमें 35 प्रतिभागी ऐसे थे जो पहली बार एकल अभियान से जुड़े और वनयात्रा के माध्यम से संगठन के कार्यों को करीब से जानने का अवसर प्राप्त किया।

इस वनयात्रा का उद्देश्य ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में एकल विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा, संस्कार और सामाजिक परिवर्तन के लिए किए जा रहे कार्यों से लोगों को जोड़ना था।

लखनऊ चैप्टर द्वारा अमेलिया कार्यक्रम



भारत लोक शिक्षा परिषद् (BLSP) के लखनऊ चैप्टर के महिला विभाग द्वारा अमेलिया कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता एवं संगठनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया।

पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम

पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार, 8 अगस्त 2026 को नोएडा स्थित वेटलैंड पार्क में BLSP पूर्वी दिल्ली चैप्टर, लायंस क्लब एवं ECPFO के संयुक्त प्रयास से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 लोगों ने भाग लिया, कार्यक्रम के दौरान तीनों संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मिलकर करीब 200 पौधे लगाए।



प्रभाग –6 , समिति संपर्क









विचारों में भिन्नता हो सकती है, लेकिन यदि लक्ष्य राष्ट्र, समाज और मानवता की सेवा है, तो मतभेदों को संवाद के माध्यम से दूर कर एकता स्थापित करनी चाहिए।

संगठन का मूल मंत्र है–
व्यक्ति नहीं, उद्देश्य सर्वोपरि;
विवाद नहीं, संवाद;
विभाजन नहीं, समन्वय।



करतार डोगरा
कार्यकर्ता विभाग एवं अर्थ विभाग प्रमुख
दक्षिण भारत, एकल अभियान

मेरा एक अनुभव, जो मैं आप सभी के साथ साझा कर रहा हूँ...

"कष्ट सहने वाला व्यक्ति कभी पराजित नहीं होता।

दक्षिण भारत - संभाग - उत्तर कर्नाटक संभाग, आँचल – कोप्पल, संच – कुश्तगी

प्रवास के दौरान संच प्रमुख श्री अनिल कुमार जी के अनुशासन, विनम्रता, कार्यनिष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण को देखकर स्वाभाविक रूप से उनके परिवार से मिलने की इच्छा हुई।

परिवार से परिचय के दौरान उनके जीवन का एक ऐसा प्रसंग जानने को मिला, जिसने मेरे मन को भीतर तक स्पर्श कर दिया.....

अनिल जी ने बताया कि उनके परिवार में केवल तीन सदस्य हैं—वे स्वयं, उनकी माताजी और लगभग 80 वर्ष से अधिक आयु की उनकी दादीजी।

भाषा की समस्या के कारण मैंने अपने साथ के कार्यकर्ता से उनके पिताजी के बारे में पूछने का आग्रह किया। कुछ क्षणों तक वे मौन रहे, फिर धीमे स्वर में बोले—

"जब मैं माँ के गर्भ में था, तब मेरे पिताजी शराब के अत्यधिक आदी थे। एक दिन किसी बात पर विवाद हुआ और वे गर्भवती माँ को छोड़कर चले गए। आज लगभग 23 वर्ष हो चुके हैं। वे जीवित हैं, लेकिन मैंने उन्हें अपने जीवन में एक बार भी नहीं देखा।"

यह सुनकर मन कुछ क्षणों के लिए शांत हो गया। थोड़ी-सी जमीन, वृद्ध दादी और संघर्ष करती हुई माँ... ऐसे वातावरण में पले-बढ़े उस बालक का जीवन कितना कठिन रहा होगा, इसकी केवल कल्पना ही की जा सकती है।

लेकिन सबसे प्रेरणादायक बात यह रही कि इन कठिन परिस्थितियों ने अनिल जी को तोड़ा नहीं, बल्कि उन्हें और अधिक मजबूत बनाया। आज वे एकल अभियान के अनुशासित, कर्मठ, विनम्र और पूर्णतः समर्पित कार्यकर्ता हैं तथा समाज और राष्ट्रसेवा में निरंतर लगे हुए हैं।


अपने 16 वर्षों के संगठनात्मक जीवन में मैंने अनेक कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त किया है, लेकिन इस परिवार से मिलकर मन जितना भावुक हुआ, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है।

सभी विपरीत परिस्थितियों के बीच अपने पुत्र को श्रेष्ठ संस्कार देने वाली उस माँ को मेरा सादर प्रणाम। परिवार को संभालकर रखने वाली दादीजी को मेरा विनम्र नमन। और जीवन के संघर्षों को अपनी शक्ति बना लेने वाले अनिल कुमार जी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

एकल अभियान केवल विद्यालय नहीं चलाता, बल्कि ऐसे संस्कारित, संघर्षशील और राष्ट्रसेवा को जीवन का धर्म मानने वाले कार्यकर्ताओं का निर्माण करता है।

ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को मेरा हृदय से नमन। यही एकल अभियान की वास्तविक शक्ति है।





श्रवण कुमार (त्रेतायुग)

श्रवण कुमार के माता-पिता दोनों ही नेत्रहीन थे। जब उनके माता-पिता की तीर्थयात्रा करने की इच्छा हुई, तब श्रवण कुमार उन्हें कांवड़ जैसी युक्ति से कंधों पर बैठाकर तीर्थयात्रा कराने निकल पड़े। उनकी सेवा, भक्ति और समर्पण अद्वितीय था। एक दिन जब वे जंगल में जल लेने गए, तब अयोध्या के राजा दशरथ ने शब्दभेदी बाण चलाया, जो अनजाने में श्रवण कुमार को लग गया। मृत्यु के अंतिम क्षणों में भी उन्हें अपने माता-पिता की चिंता थी। माता-पिता की सेवा के प्रताप से उन्हें बैकुंठ धाम की प्राप्ति हुई।

लव-कुश (त्रेतायुग)

लव कुश माता सीता और श्रीराम के तेजस्वी पुत्र थे। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में शिक्षा और शस्त्रविद्या प्राप्त की। वे यह नहीं जानते थे कि श्रीराम उनके पिता हैं। गुरुदेव से श्रीराम के गुण सुनकर उन्हें दर्शन की इच्छा हुई। अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा रोककर उन्होंने अयोध्या की वीर सेना का साहसपूर्वक सामना किया। अंत में भगवान श्रीराम से उनका मिलन हुआ। सत्य ज्ञात होने पर उन्होंने विनम्रतापूर्वक क्षमा माँगी। दोनों भाइयों ने अपने मधुर गायन से रामायण का प्रचार-प्रसार भी किया।





एकलव्य (द्वापर युग)

जब भी गुरु-शिष्य परंपरा की चर्चा होती है तो एकलव्य का नाम सर्वप्रथम लिया जाएगा। महाभारत काल में जब धनुर्विद्या के श्रेष्ठ आचार्य द्रोणाचार्य ने इनको शिष्य बनाने में असमर्थता प्रकट की तो एकलव्य ने उनकी मिट्टी की प्रतिमा बनाकर उनके सामने धनुर्विद्या का अभ्यास किया और श्रेष्ठ धनुरधर बन गए । बाद में द्रोणाचार्य द्वारा गुरुदक्षिणा में अंगूठा मांगे जाने पर बिना हिचक अपना अंगूठा देकर गुरुभक्ति का आदर्श स्थापित किया

देशभक्ति की अनूठी मिसाल....

बेटे ने लेफ्टीनेंट बन किया शहीद पिता का सपना साकार



शहीद लांसनायक परमजीत सिंह सेना मेडल का इकलौता बेटा हीरा सिंह बना लेफ्टीनेंट।
गांव सुर्खपुर (कपूरथला) में शहीद लांसनायक परमजीत सिंह की याद में बने स्मारक पर आयोजित सम्मान समारोह में शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के सदस्यों। ने किया "Award of Honour" से सम्मानित।
पिता की यूनिट 235 बंगाल इंजीनियरिंग में हुआ शामिल



Ekal Abhiyan

Prabhag Vrit, 21 June 2026

21 June 2026, 07:00am to 08:30am



S.N	Prabhag	Total Sambhag Name	Total Bhag	Total Anchal	Total Sanch	Total Village	Total School
1	Purvottar Prabhag P-1	3 East Purvottar, West Purvottar & South Purvottar	6	28	255	5944	5929
2	West-B P-8	2 Gujarat & Maharashtra	4	19	199	5530	5530
3	Northwest P-6	6 North Himachal, South Himachal, East Punjab, West Punjab, Jammu & Kashyap	16	71	625	16787	15113
4	South-B P-10	5 North Karnataka, South Karnataka, North Tamilnadu, SouthTamilnadu & Kerala	5	26	203	2867	2788
5	Nepal Rashtra P-11	4 Biratnagar, Janakpur, Nepalgunj & Kathmandu	4	16	61	1136	0
6	East-A P-2	3 Odisha, Bengal & Chhattisgarh	10	50	504	13148	13073
7	East-B P-3	4 North Jharkhnad, South Jharkhand, North Bihar & South Bihar	8	50	491	13556	13536
8	North-A P-4	3 East UP, Central UP & South UP	7	39	412	11669	11664
9	North-B P-5	3 Uttarakhand, West UP & Brajmandal	6	33	324	9241	9215
10	West-A P-7	3 Rajsthan, Madhya Bharat & Mahakoshal	8	42	364	8885	8884
11	South-A P-9	4 Uttar Telangana, Dakshin Telangana, Uttar Andhra Pradesh & Dakshin Andhra Pradesh	4	22	137	3366	3052
Total:	**11**	**40**	**78**	**396**	**3575**	**92129**	**88784**

संपादक की कलम से.....



माधुरी अग्रवाल
राष्ट्रीय उपप्रधान,
राष्ट्रीय महिला विभाग

दीपावली का पर्व हमें केवल अपने घरों को रोशन करने की नहीं, बल्कि किसी के जीवन में खुशियों और ज्ञान का दीप जलाने की प्रेरणा देता है। एकल विद्यालय इसी भावना का प्रतीक है, जहाँ शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कार, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम के बीज बोए जा रहे हैं। आज की Gen Z हमारी नई ऊर्जा और भविष्य की आशा है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि आधुनिकता के साथ हमारी युवा पीढ़ी अपनी जड़ों, परंपराओं और संस्कारों से भी जुड़ी रहे।

एकल के प्रवास के माध्यम से जब हम गाँवों में बच्चों और परिवारों के बीच पहुँचते हैं, उनकी मुस्कान देखते हैं और उनके जीवन में शिक्षा का उजाला महसूस करते हैं, तब समझ आता है कि सेवा ही सबसे बड़ा उत्सव है।



आइए, इस दीपावली एक संकल्प लें कि हम एकल के माध्यम से देश के हर गाँव, हर बच्चे और हर घर तक शिक्षा, संस्कार और आशा का दीप पहुँचाएँ।

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ। आइए, मिलकर एक संस्कारित, शिक्षित और समर्थ भारत का निर्माण करें।

एकल विद्यालय के लिए सहयोग

आईये अपने सपनों का भारत बनायें और स्वावलंबी, स्वाभिमानी भारत के नागरिक होने का गौरव प्राप्त करें।	
एक एकल विद्यालय	₹ 30,000/- वार्षिक
50 एकल विद्यालय (परमवीर)	₹ 15,00,000/- वार्षिक
100 एकल विद्यालय (शतकवीर)	₹ 30,00,000/- वार्षिक
1000 एकल विद्यालय (महाशतकवीर)	₹ 30,000,000/- वार्षिक
भारत लोक शिक्षा परिषद् भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (IICA) के अंतर्गत CSR दान के लिए सूचीबद्ध है।	

DONATE NOW

एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें-

Only For 80G:
Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C No: 467902050000186
Union Bank of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC Code: UBIN0546798

Only for CSR:
Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C NO. 467902010123677
Union Bank Of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC code: UBIN0546798

For More Info.

प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
मुख्य संपादक – श्रीमती माधुरी अग्रवाल (राष्ट्रीय उपप्रधान, राष्ट्रीय महिला विभाग)
सेन्ट्रल ऑफिस : NS-15, FD Block, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034
संपर्क सूत्र : 011 4752 3879, 9999399063, 8448386443, 7827208127
ई मेल : administration@blspindia.org, वेबसाइट : www.ekalblspindia.org